तेरे मिलन की लगी लगन ओ मेरे सांवरे

तेरे मिलन की लगी लगन,
ओ मेरे सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे,
कब तेरा बुलावा आएगा,
कब खाटू मुझे बुलाएगा,
रो रो पूछे मेरे नयन,
ओ सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे।bd।

देखे – कब होगा तेरा दीदार।

भूल से कोई भूल हुई हो,
तो वो भूल भुला देना,
इस फागुन में श्याम मुझे भी,
संदेशा भिजवा देना,
अपने इस दीवाने को बाबा,
ना और सज़ा देना,
सपने में आकर मिलने की,
तुम तारीख बता देना,
तन मन धन अर्पण,
ओ मेरे सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे।bd।

तू मिल जाये तो इस दिल का,
तुझको हाल सुनाना है,
तेरी जुदाई में दिन कैसे,
बीते तुझे बताना है,
बैठ के तेरे चरणों मे,
रो रो के तुझे रुलाना है,
पाना नही तुझको ओ बाबा,
तुझमे ही खो जाना है,
अब बस में नही है मन,
ओ मेरे सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कोई दीवाना समझे तेरा,
कोई सुदामा कहता है,
देख के मेरा हाल ज़माना,
जाने क्या क्या कहता है,
मेरी तरफ तेरी करुणा का,
सागर क्यों नही बहता है,
करके मुझे बदनाम श्याम तू,
क्यू पर्दे में रहता है,
यूँ पत्थर दिल ना बन,
ओ मेरे सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे।bd।

तेरे मिलन की लगी लगन,
ओ मेरे सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे,
कब तेरा बुलावा आएगा,
कब खाटू मुझे बुलाएगा,
रो रो पूछे मेरे नयन,
ओ सांवरे,
कब होंगे तेरे दर्शन,
ओ मेरे सांवरे।bd।

Singer – Sandeep Bansal Ji
Upload By – Ravi Agrawal
9301653989

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com